Regarding provision of train stoppages in Etawah Parliamentary Constituency-laid

श्री जितेंद्र कुमार दोहरे **(इटावा) :** इटावा लोक सभा क्षेत्र में कोरोना काल के दौरान बंद की गई रेलगाडियों को पुनः चलाए जाने की आवश्यकता है । मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अहल्दा रेलवे स्टेशन पर कई सुपरफास्ट ट्रेन / एक्स्प्रेस ट्रेनों का ठहराव था जो कि रोक दिया गया है । सरकार से अनुरोध है कि इस स्टेशन पर उन ट्रेनों का ठहराव पुनः' किया जाए । इसके अतिरिक्त इटावा स्टेशन पर (अजमेर एक्सप्रैस) 12987 और (जियारत एक्सप्रेस) 12395 का ठहराव कराया जाए तथा राजधानी और दूरंतो ट्रेन का ठहराव किया जाए ताकि जनता को आने जाने में सहूलियत मिल सके ।